पत्रांक-10/न-07/2017 – 1251
मानव संसाधन विकास विभाग,
बिहार, पटना।

दिनांक- 5-12-2017

प्रेषक,

पी०एन० मिश्रा,
विशेष निदेशक (मा० शि०)

सेवा में,

अध्यक्ष,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा केन्द्र, 02 कम्युनिटी सेन्टर,
नई दिल्ली-110092

**विषय :- विद्यालय के नाम में संशोधन करते हुए विद्यालय का नाम होली मिशन सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल करने के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि अभिसूचना सं0-1092 दि0-20.11.2011 द्वारा जगत मिशन सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, कैन्ट रोड, दानापुर, पटना को अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत किया गया था। विद्यालय प्रबंधन द्वारा नाम संशोधन हेतु सोसायटी के सदस्यों द्वारा पारित संकल्प के साथ विद्यालय के नाम संशोधन के निमित्त शपथ-पत्र के साथ आवेदन पत्र समर्पित किया गया है।

अतः उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समिति द्वारा लिये गये निर्णयानुसार जगत मिशन सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के नाम संशोधित करते हुए होली मिशन सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, कैन्ट रोड, खगौल, पटना-801105 करने का निर्णय लिया गया है। शेष शर्त्ते यथावत रहेंगी।

विश्वासभाजन
ह0/-
विशेष निदेशक (मा0 शि0)

Principal
Holy Mission Senior Secondary School
Affiliated to C.B.S.E.-Delhi
Cantt. Road, Khagaul, Patna-801105

Manager
Holy Mission Senior Secondary School
Affiliated to C.B.S.E. Delhi up to 10+2
Road, Khagaul Danapur
801105

ज्ञापांक-
दिनांक ........दिसम्बर'2017

प्रतिलिपि-जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना एवं आई०टी० कोषांग, मानव संसाधन विकास विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/-
विशेष निदेशक (मा0 शि0)

ज्ञापांक- 1251
दिनांक 5.12. दिसम्बर'2017

प्रतिलिपि-प्राचार्य/सचिव, होली मिशन सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, कैन्ट रोड, खगौल, पटना-801105 एवं जगत मिशन सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, कैन्ट रोड, दानापुर, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

विशेष निदेशक (मा0 शि0)

पत्रांक 10/न 4–98/2011......1092

## मानव संसाधन विकास विभाग, बिहार।

प्रेषक,

**दशरथ राम**
विशेष निदेशक, माध्यमिक शिक्षा

सेवा में,

**अध्यक्ष,**
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा केन्द्र, 2 कम्युनिटी सेंटर,
नई दिल्ली–110092

पटना, दिनांक ......20/11/11......

विषय : **जगत मिशन सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, कैन्ट रोड, खगौल, दानापुर, पटना को अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत।**

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार सूचित करना है कि सरकारी अधिसूचना संख्या–238 दिनांक–04.04.2006 के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, **पटना** से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन एवं विद्यालय प्रबंधन के द्वारा उपलब्ध कराये गये कागजात की समीक्षा अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने हेतु गठित विभागीय समिति द्वारा दी गई तथा **जगत मिशन सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, कैन्ट रोड, खगौल, दानापुर, पटना** को सी0 बी0 एस0 ई0 नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र निर्गत करने की अनुशंसा की गयी है।

**समिति की अनुशंसा के आलोक में समीक्षोपरान्त स्थिति निम्नवत है :–**

1. यह विद्यालय **जगत नारायण सामाजिक कल्याण समिति** के माध्यम से संचालित है। इस ट्रस्ट में किसी एक व्यक्ति/परिवार का प्रभुत्व नहीं है। सोसाइटी के प्रत्येक सदस्य का ब्यौरा दिया गया है तथा शपथ पत्र भी दिया गया है।

Principal
Mission Senior Secondary School
Affiliated to C.B.S.E., Delhi
Cantt. Road, Khagaul, Patna-801105

Manager
Mission Senior Secondary School
Affiliated to C.B.S.E. Delhi up to 10+2
Cantt. Road, Khagaul Danapur
Patna - 801105

2. विद्यालय प्रबंधक द्वारा किसी अन्य निबंधित सोसाइटी/न्यास के फेन्चाईजी अथवा किसी विद्यालय के ब्रांड नेम उपयोग नहीं करने का दावा किया है।

3. विद्यालय को **2 एकड़ 01 डि0** 30 वर्षो की लीज पर भूमि उपलब्ध है। विद्यालय को पर्याप्त उपस्कर पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला भी उपलब्ध है। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से स्थल निरीक्षण कर सुनिश्चत करना होगा कि विद्यालय की आधारभूत संरचना एवं सुविधाऐं बोर्ड के मानक के अनुरूप है।

4. विद्यालय में शिक्षक की नियुक्ति समाचार पत्रों में विज्ञापन निकालकर विहित प्रक्रिया के द्वारा किया गया है। विद्यालय में **21** शिक्षक हैं। सी0 बी0 एस0 ई0, नई दिल्ली को यह सुनिश्चित करना होगा कि शिक्षकों की योग्यता प्रशिक्षण राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के मापदण्डों के अनुरूप है।

5 विद्यालय में हिन्दी अनिवार्य रूप से पढाये जाने का दावा किया गया है।

पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विकलांग बालिकाएं तथा सामान्य [illegible] 2,00,000/- रूपया प्रतिवर्ष कम होगा को रखा गया है।

(ii) विद्यायल मे नर्सरी/के0 जी0 अथवा प्राथमिक कक्षा में नामांकन के लिए किसी तरह की प्रवेश परीक्षा/साक्षात्कार (बच्चों एवं माता/पिता सहित) नही लिया जायेगा। अगर नामांकन के लिए आवेदन निर्धारित क्षमता से अधिक हो तो खुले तरीका से Draw of Lots के माध्यम से नामांकन के लिए बच्चों का चयन किया जायेगा।

(iii) नर्सरी/के0जी0 तथा प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रवेश लेने वाले बच्चों का विद्यालय से आवास की दूरी अधिकतम एक किलोमीटर एवं उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षा का नामांकन हेतु अधिकतम दूरी 3 किलोमीटर तक रहेगी।

(iv) जिन बच्चो का नामांकन नही होता है उनसे ली गई आवेदन शुल्क की राशि का 80 प्रतिशत राशि वापस लौटाने की व्यवस्था होगी।

8. यद्यपि कि विद्यालय का निरीक्षण विभागीय पदाधिकारी के द्वारा किया गया है, फिर भी सी0 बी0 एस0 ई0, नई दिल्ली अपने स्तर से जाँच कर यह सुनिश्चित हो लें कि विद्यालय उनके निर्धारित मापदण्ड के आधार पर संचालित है।

9. साथ ही बोर्ड का यह सुनिश्चित करना होगा कि संबधित विद्यालय के द्वारा अपनी सहमति के अनुसार अनिवार्य एवं अपेक्षित शर्त्तो का अनुपालन किया जा रहा है। स्कूल को यह शर्त्त सार्वजनिक करनी होगी तथा इसका उल्लेख प्रोसपेक्टस एवं वेबसाईट में करना होगा। शर्त्तो के उल्लंघन की स्थिति में अनापत्ति प्रमाण-पत्र वापस ले लिया जायेगा तथा सम्बद्धन रदद करने की कार्रवाई की जायेगी।

10. विभागीय पत्रांक-46, दिनांक 18.01.2008 द्वारा शिक्षक/छात्रों को शारीरिक दण्ड नहीं दिए जाने संबंधी आदेशों का विद्यालयों द्वारा पालन करना होगा।

11. विद्यालय बिहार सरकार के शिक्षा विभाग अथवा स्वास्थ्य विभाग के नियंत्री पदाधिकारी के द्वारा निरीक्षण हेतु किसी भी समय खुला रहेगा।

12. उपरोक्त तथ्यों के आलोक में तथा वर्णित शर्त्तो के आधार पर **जगत मिशन सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, कैन्ट रोड, खगौल, दानापुर, पटना** को सी0 बी0 एस0 ई0, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र दी जाती है।

**अनुलग्नक** :- जिला शिक्षा पदाधिकारी **पटना** का जाँच प्रतिवेदन संलग्न।

Principal
Holy Mission Senior Secondary School
Affiliated to C.B.S.E. Delhi
Cantt. Road, Khagaul, Patna-801105

Manager
Holy Mission Senior Secondary School
Affiliated to C.B.S.E. Delhi up to 10+2
Cantt. Road, Khagaul Danapur
Patna - 801105

विश्वासभाजन

ह0/-
(दशरथ राम)
**विशेष निदेशक, माध्यमिक शिक्षा**

ज्ञापांक 1092 दिनांक 30/11/11

**प्रतिलिपि** : जिला शिक्षा पदाधिकारी **पटना** को उनके पत्रांक 1876 दिनांक 22.11.2011 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/-
**विशेष निदेशक, माध्यमिक शिक्षा**

ज्ञापांक 1092 दिनांक 30/11/11

**प्रतिलिपि** : प्राचार्य, **जगत मिशन सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, कैन्ट रोड, खगौल, दानापुर, पटना** को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

30.11.11